# वर्ण विचार

❖ **वर्ण विचार का अर्थ**

भाषा की सबसे छोटी ध्वनि को **वर्ण** कहते हैं।
वर्णों के सही उच्चारण, पहचान, वर्गीकरण और प्रयोग का अध्ययन **वर्ण विचार** कहलाता है।
**उदाहरण:**
अ, आ, क, ख, ग आदि।

➢ **. वर्णमाला**

वर्णों के व्यवस्थित समूह को **वर्णमाला** कहते हैं।
हिंदी वर्णमाला में मुख्य रूप से शामिल हैं:

1. स्वर
2. व्यंजन
3. संयुक्त व्यंजन
4. अयोगवाह

➢ **. स्वर**

**परिभाषा**
जिन वर्णों का उच्चारण बिना किसी अन्य वर्ण की सहायता के होता है, उन्हें **स्वर** कहते हैं।
**स्वर:**
अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ

➢ **स्वरों के प्रकार**

**(क) ह्रस्व स्वर**
जिनके उच्चारण में कम समय लगता है।
**उदाहरण:**
अ, इ, उ, ऋ

**(ख) दीर्घ स्वर**
जिनके उच्चारण में अधिक समय लगता है।
**उदाहरण:**
आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ

**(ग) प्लुत स्वर**
जिनके उच्चारण में तीन मात्रा का समय लगता है।
**उदाहरण:**
ओ३म्

➢ **मात्रा**

**परिभाषा**
स्वरों के लिखित रूप को **मात्रा** कहते हैं।

| स्वर | मात्रा | उदाहरण |
|---|---|---|
| **अ** | — | कमल |
| **आ** | ा | राम |
| **इ** | ि | किताब |
| **ई** | ी | सीता |
| **उ** | ु | गुल |
| **ऊ** | ू | फूल |
| **ऋ** | ृ | कृपा |
| **ए** | े | मेरा |

Learning Horizon

| | | |
|---|---|---|
| **ऐ** | ै | नैना |
| **ओ** | ो | मोहन |
| **औ** | ौ | और |

- **व्यंजन**

**परिभाषा**
जिन वर्णों का उच्चारण स्वरों की सहायता से होता है, उन्हें **व्यंजन** कहते हैं।
**उदाहरण:**
क, ख, ग, च, ट आदि।

- **व्यंजनों के प्रकार**

**(क) स्पर्श व्यंजन**
जिनका उच्चारण करते समय जीभ मुख के किसी भाग को स्पर्श करती है।

| वर्ग | वर्ण |
|---|---|
| **क वर्ग** | क, ख, ग, घ, ङ |
| **च वर्ग** | च, छ, ज, झ, ञ |
| **ट वर्ग** | ट, ठ, ड, ढ, ण |
| **त वर्ग** | त, थ, द, ध, न |
| **प वर्ग** | प, फ, ब, भ, म |

**(ख) अंतःस्थ व्यंजन**
य, र, ल, व

**(ग) ऊष्म व्यंजन**
श, ष, स, ह

- **उच्चारण स्थान के आधार पर व्यंजन**

| स्थान | वर्ण |
|---|---|
| **कंठ्य** | क, ख, ग, घ |
| **तालव्य** | च, छ, ज, झ |
| **मूर्धन्य** | ट, ठ, ड, ढ |
| **दंत्य** | त, थ, द, ध |
| **ओष्ठ्य** | प, फ, ब, भ |

- **. घोष और अघोष**

**घोष वर्ण :** जिनके उच्चारण में स्वर तंत्रियाँ कंपन करती हैं।
**उदाहरण:** ग, घ, द, ध, ब, भ

**अघोष वर्ण :** जिनमें कंपन नहीं होता।
**उदाहरण:** क, ख, त, थ, प, फ

- **. अल्पप्राण और महाप्राण**

**अल्पप्राण:** जिनके उच्चारण में कम वायु निकलती है।
**उदाहरण:** क, ग, च, ज, ट, ड

**महाप्राण :** जिनके उच्चारण में अधिक वायु निकलती है।
**उदाहरण:** ख, घ, छ, झ, ठ, ढ, थ, ध

- **संयुक्त व्यंजन :** दो व्यंजनों के मेल से बने वर्ण संयुक्त व्यंजन कहलाते हैं।

Learning Horizon

| संयुक्त व्यंजन | निर्माण |
|---|---|
| क्ष | क + ष |
| त्र | त + र |
| ज्ञ | ज + ञ |
| श्र | श + र |

- **अयोगवाह**

**(क) अनुस्वार (ं)**
**उदाहरण:** संत, हिंदी

**(ख) विसर्ग (ः)**
**उदाहरण:** दुःख, प्रातः

**(ग) चंद्रबिंदु (ँ)**
**उदाहरण:** माँ, चाँद

- **वर्ण और अक्षर में अंतर**

| वर्ण | अक्षर |
|---|---|
| **ध्वनि की सबसे छोटी इकाई** | वर्णों का समूह |
| **जैसे – क, अ** | जैसे – कम, घर |

- **14. वर्ण विचार का महत्व**

1. शुद्ध उच्चारण में सहायता
2. शुद्ध लेखन में सहायता
3. भाषा ज्ञान में वृद्धि
4. व्याकरण की नींव मजबूत होती है

- **15. महत्वपूर्ण उदाहरण**

| शब्द | वर्ण विभाजन |
|---|---|
| **कमल** | क + म + ल |
| **विद्यालय** | वि + द्या + लय |
| **पुस्तक** | पु + स् + तक |

**Q1.हिंदी वर्णमाला में कुल कितने मुख्य व्यंजन माने जाते हैं?**
A. 30
B. 31
**C. 33**
D. 35

Q2. **'ँ' को क्या कहते हैं?** **[ BSEB 2025 ]**
A. अनुस्वार
B. विसर्ग
**C. चंद्रबिंदु**
D. संयुक्ताक्षर

Q3. **'क्ष' क्या है?** **[BSEB]**
A. स्वर
B. मूल व्यंजन
**C. संयुक्त व्यंजन**
D. मात्रा

**Q14. 'ङ' किस वर्ग का पंचमाक्षर है?**
A. च वर्ग
B. ट वर्ग
**C. क वर्ग**
D. त वर्ग

**15.'श' का उच्चारण स्थान क्या है?**
**A. तालव्य**
B. मूर्धन्य
C. दंत्य
D. कंठ्य

**Q16.'झ' वर्ण का सही वर्गीकरण क्या है?**
A. अघोष महाप्राण
**B. घोष महाप्राण**
C. घोष अल्पप्राण
D. अघोष अल्पप्राण

Learning Horizon

**Q4.निम्न में से कौन घोष वर्ण है?** [imp.]
A. क
B. ख
**C. ग**
D. च

**Q5.ख' कौन-सा व्यंजन है?** [imp.]
A. अल्पप्राण
**B. महाप्राण**
C. घोष
D. अंतःस्थ

**Q6. निम्न में से कौन ऊष्म व्यंजन है?**
A. य
B. ल
C. व
**D. स**

**Q7. ट' का उच्चारण स्थान क्या है?** [BSEB 2025]
A. दंत्य
B. तालव्य
**C. मूर्धन्य**
D. ओष्ठ्य

**Q8.निम्न में से कौन ह्रस्व स्वर है?**
A. आ
B. ई
**C. उ**
D. ऐ

**Q9.निम्नलिखित में से कौन-सा वर्ण अघोष तथा महाप्राण दोनों है?**
A. ग
B. घ
**C. ख**
D. द

**Q10. 'ऋ' किस प्रकार का स्वर है?**
A. दीर्घ
B. प्लुत
**C. ह्रस्व**
D. संयुक्त

**Q11 'द' वर्ण का सही वर्गीकरण क्या है?**
A. अघोष अल्पप्राण
B. घोष अल्पप्राण
**C. घोष महाप्राण**
D. अघोष महाप्राण

**Q12.कौन-सा वर्ण घोष तथा अल्पप्राण है?**
A. ध
B. भ
**C. द**
D. ख

**Q13.'य' का उच्चारण किस श्रेणी में रखा जाता है?**
A. ऊष्म B. स्पर्श **C. अंतःस्थ** D. संयुक्त

**Q17.'ज्ञ' संयुक्त व्यंजन का निर्माण किससे हुआ है?**
A. ज + न
**B. ज + ञ**
C. ग + य
D. द + य

**Q18.'फ' और 'भ' में मुख्य अंतर क्या है?**
A. उच्चारण स्थान
B. मात्रा
**C. घोष-अघोष**
D. स्वर

**Q19.हिंदी में वर्णों का वैज्ञानिक वर्गीकरण किस आधार पर किया गया है?**
A. शब्द रचना
**B. ध्वनि एवं उच्चारण**
C. अर्थ
D. व्याकरण

**Q20.निम्नलिखित में कौन-सा कथन असत्य है?**
A. य, र, ल, व अंतःस्थ व्यंजन हैं
B. श, ष, स, ह ऊष्म व्यंजन हैं
**C. ट वर्ग दंत्य वर्ण हैं**
D. प वर्ग ओष्ठ्य वर्ण हैं

**NOTES:**

| Key Word | अर्थ / पहचान |
|---|---|
| वर्ण | भाषा की सबसे छोटी ध्वनि |
| वर्णमाला | वर्णों का समूह |
| स्वर | जिनका उच्चारण बिना सहायता के हो |
| व्यंजन | जिनका उच्चारण स्वर की सहायता से हो |
| ह्रस्व स्वर | कम समय में बोले जाने वाले स्वर |
| दीर्घ स्वर | अधिक समय में बोले जाने वाले स्वर |
| प्लुत स्वर | तीन मात्रा में बोले जाने वाले स्वर |
| मात्रा | स्वर का लिखित चिह्न |
| स्पर्श व्यंजन | उच्चारण में जीभ स्पर्श करे |
| अंतःस्थ व्यंजन | य, र, ल, व |
| ऊष्म व्यंजन | श, ष, स, ह |
| संयुक्त व्यंजन | दो व्यंजनों से बने वर्ण |
| अयोगवाह | अनुस्वार, विसर्ग, चंद्रबिंदु |
| अनुस्वार (ं) | नासिक्य ध्वनि सूचक |
| विसर्ग (ः) | हल्की श्वास ध्वनि |
| चंद्रबिंदु (ँ) | नासिक्य स्वर सूचक |
| घोष वर्ण | स्वर तंत्रियों में कंपन |
| अघोष वर्ण | कंपन रहित वर्ण |
| अल्पप्राण | कम वायु से बोले जाएँ |
| महाप्राण | अधिक वायु से बोले जाएँ |
| कंठ्य | कंठ से बोले जाने वाले |
| तालव्य | तालु से बोले जाने वाले |
| मूर्धन्य | मूर्धा (ऊपरी तालु) से बोले जाने वाले |
| दंत्य | दाँतों से बोले जाने वाले |
| ओष्ठ्य | होंठों से बोले जाने वाले |
| पंचमाक्षर | प्रत्येक वर्ग का पाँचवाँ वर्ण |
| संयुक्ताक्षर | संयुक्त व्यंजन का दूसरा नाम |
| ध्वनि | सुनाई देने वाली आवाज |
| उच्चारण | वर्ण बोलने की प्रक्रिया |

Learning Horizon